आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 24.04.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- कैम्पबेल—बे के पुलिस थाना को इस वर्ष का आई एस ओ प्रमाणन प्राप्त करके महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने बारह वर्ष तक के बच्चों को अभिभावकों के साथ एक ही पीएनआर पर निर्धारित सीट सुनिश्चित करने को कहा।
- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बोर्नवीटा सहित अन्य इसी तरह के उत्पाद, जिसे हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी का दावा किया जा रहा है, उसकी बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है।
- एम.वी स्वराज द्वीप आज पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर से पांच सौ किलोमीटर दूर कैम्पबेल—बे थाना को इस वर्ष आई एस ओ प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इस थाने ने प्रतिष्ठित प्रमाणन प्राप्त करने के लिए कठोर गुणवत्ता प्रबंधन मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। निकोबार के पुलिस अधीक्षक सनी गुप्ता, कैम्पबेल—बे के एस. डी.पी.ओ. फिरोज आलम के सराहनीय नेतृत्व और कैम्पबेल—बे पुलिस थाना के थानाध्यक्ष उप—निरीक्षक रोशन जॉर्ज के अटूट समर्पण से यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। कैम्पबेल—बे थाना ग्रेट निकोबार द्वीप में लगभग हज़ार वर्ग किलोमीटर के विशाल क्षेत्र पर प्रशानिक नियंत्रण रखता है। गांधी नगर तथा अफ्रा—बे तथा मकाचुआ में तीन चौकियों की देखरेख करता है। यह उपलब्धि कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा कैम्पबेल—बे निवासियों को कुशल एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करने में पूरी टीम द्वारा प्रतिबद्धता तथा व्यवसायिकता को दर्शाती है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दक्षिण अंडमान जिले के प्राथमिक और सेकेण्डरी स्तर के जी टी टी विज्ञान के

शिक्षकों के लिए इसी तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम का हाल ही में उद्घाटन किया गया। जी टी टी अंग्रेजी के शिक्षकों के लिए भी गर्ल्स स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पांच दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी दी जा रही है।

<><><><><><><>

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति–दो हजार बीस के अनुसार परीक्षा आंकलन और मूल्यांकन विधियों में परिवर्तन किया है। इस नई पहल में सक्षमता आधारित प्रश्न अधिक होंगे, जबकि अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न कम संख्या में होंगे। संशोधित दिशा–निर्देश के अनुसार ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में बहुविकल्पीय प्रश्न, स्थिति आधारित प्रश्न या किसी अन्य प्रकार के प्रश्न चालीस से बढ़ाकर पचास प्रतिशत कर दिये गये हैं। दूसरी ओर लघु उत्तर और दीर्घ उत्तर प्रश्नों सहित अभिव्यक्ति आधारित प्रश्न दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र की परीक्षाओं में चालीस प्रतिशत से घटाकर तीस प्रतिशत कर दिये गये हैं।

<><><><><><><>

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरलाइंस को ये सुनिश्चित करने को कहा है कि एक ही पी.एन.आर. पर यात्रा कर रहे बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास की निर्धारित सीट पर ही यात्रा करने दे। डीजीसीए के बयान के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनमें बारह वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास सीट नहीं मिली है। बयान में कहा गया है कि मौजूदा हवाई परिवहन परिपत्र को उपयुक्त रूप से संशोधित कर दिया गया है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बोर्नवीटा सहित अन्य इसी तरह के उत्पाद, जिसे हेल्थ ड्रिंक की श्रेणी का दावा किया जा रहा है, उसकी सभी दुकानों और भंडारों पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। कुछ मीडिया रिपोर्टों पर स्वास्थ्यवर्धक शक्तिशाली पेय विशेषकर बोर्नवीटा को ऊर्जा ड्रिंक का दावा किए जाने पर संज्ञान लेते हुए कहा गया है कि जांच–पड़ताल के बाद यह पाया गया कि खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दो हजार छः में कोई भी हेल्थ ड्रिंक परिभाषित नहीं की गई है और इसे देखते हुए आयोग ने संबंधित राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों से हेल्थ ड्रिंक के नाम पर इसकी बिक्री पर रोक लगाने का प्रस्ताव दिया है। आम जनता से भी कहा गया

है कि वे बोर्नवीटा सहित इस तरह के सभी पेय को खरीदने से बचे क्योंकि ये विज्ञापन भ्रामक है।

<><><><><><><>

भारत के सर्वोच्च न्यायलय के निर्देशों तथा नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोट्रॉपिक सबटेंसस रूल्स दो हजार बाईस के तहत अण्डमान निकोबार पुलिस के उप–महानिरीक्षक वर्षा शर्मा की अध्यक्षता में केन्द्र शासित प्रदेश स्तरीय ड्रग्स निपटान समिति के पर्यवेक्षण के तहत सी आई डी द्वारा सोलह अप्रैल दो हजार चौबीस से बाईस अप्रैल दो हजार चौबीस तक द्वीपों की विभिन्न पुलिस थानों में सौ से अधिक केस का निपटान किया गया, जिनमें उनहत्तर किलोग्राम गांजा, उनतीस गांजे के पौधे तथा कई नशीली गोलियां शामिल है। इन नशीली दवाओं को पोर्ट ब्लेयर के जी. बी. पन्त अस्पताल के सहयोग से नष्ट किया गया। नष्ट किए गए सम्पूर्ण प्रकिया का वीडियों रिकॉर्ड किया गया। अण्डमान निकोबार पुलिस द्वीपों में नशीली दवाओ ंकी दुरूपयोग के खिलाफ कठोर कदम उठा रही है।

<><><><><><><>

एम.वी स्वराज द्वीप आज पोर्ट ब्लेयर से चेन्नई जाएगा। यात्रियों की स्वास्थ्य परीक्षा सुबह सात बजे से आठ बजे तक की जाएगी। जहाज आज सुबह नौ बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

उधर, जलयान सिन्धु की पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अण्डमान की यात्रा को रद्द किया गया है, अब इसके स्थान पर जलयान एम.वी. कैम्पबेल–बे आज सुबह दस बजे हैडो जेट्टी से लिटिल अण्डमान के लिए जाएगा और इसकी वापसी आज ही रात्रि नौ बजे होगी। जिन यात्रियों ने पहले टिकट खरीदे हैं, वे अब उसी पर यात्रा कर सकते है।

एम.वी. कालीघाट के स्थान पर अब एम.वी. भारत सीमा कल सुबह सात बजे लिटिल अण्डमान, कार–निकोबार, चौरा, तेरेसा और कछाल होते हुए नानकौड़ी जाएगा। जहाज़ हैडो जेट्टी से छूटेगा। इस जलयान की वापसी अट्ठाईस अप्रैल को शाम पांच बजे नानकौड़ी से इन्ही मार्गों से होते हुए पोर्ट ब्लेयर पहुंचेगा।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

कैम्बपबेल–बे पुलिस थाना ने इस वर्ष का आई एस ओ प्रमाणन प्राप्त करने में बड़ी उपलब्धि हासिल करने के समाचार को– द डेली टेलीग्रम्स और द्वीप समाचार ने पहले पन्ने के उपरी भाग में प्रमुखता से प्रकाशित किया है। पुलिस द्वारा भारी मात्रा में नशीली दवाओं को नष्ट करने के समाचार को भी अखबार ने प्रकाशित किया है। पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वैकेय्या नायडू को पदमविभूषण से सम्मानित करने के समाचार को – इंफो इंडिया ने पहले पन्ने में सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>